‘टीबी वर्क प्लेस पॉलिसी एंड कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी’ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

12 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झारखंड की राजधानी राँची में आयोजित ‘टीबी वर्क प्लेस पॉलिसी एंड कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी’ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।

प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिये कार्ययोजना तैयार कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूरे विश्व में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक है, वहीं राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक है, जबकि झारखंड में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य दिसंबर, 2024 तक रखा गया है। अभी तक राज्य में 57,567 टीबी मरीजों की पहचान की गई है।
- मंत्री ने कहा कि सभी ज़िलों में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिये कार्य किये जा रहे हैं। पहले 10 टीबी मुक्त पंचायत के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही, सभी टीबी मुक्त पंचायतों को स्वर्ण, रजत और काँस्य पदक प्रदान किये जाएंगे।
- राज्य सरकार ने देश में सबसे पहले **Work place policy for TB its Comorbidities and Occupational Lung Disease** लेकर आई है, जिससे राज्य सरकार के पास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए लोग अपने अपने कार्यक्षेत्र को टीबी मुक्त करने की मुहिम बना सकें।
- यह **Unique Employee Lead Model** है। इस **Policy** के लागू होने के बाद लोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र को टीबी मुक्त कर सकेगें। साथ ही, ‘टीबी हारेगा, झारखंड जितेगा’ का मंत्र सफल हो पाएगा।
- स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने कहा कि **TB work place policy and Corporate Engagement to end TB** का उद्घाटन करने वाला देश का पहला राज्य झारखंड बन गया है।
- उल्लेखनीय है कि टीबी होने का मुख्य कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना तथा अच्छा भोजन नहीं मिलना है। बैक्टीरिया हवा के माध्यम से फैलता है और फेफड़े को प्रभावित करता है।
- कार्यक्रम में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थान को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य में विभिन्न ज़िलों के टीबी मरीजों को मित्र बनकर गोद लेने एवं उन्हें अतिरिक्त पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिये सम्मानित किया गया।
- सम्मानित होने वाली संस्थाओं में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकारो (बीजीएच), यूरेनियम कॉरपोरेशन, रेल विकास निगम लिमिटेड, अदानी पावर (झारखंड) लिमिटेड, आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, उषा मार्टिन लिमिटेड, जिंदल स्टील और पावर लिमिटेड, टाटा स्टील फाउंडेशन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया शामिल थी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-tb-workplace-policy-corporate-engagement-to-end-tb-